पेज थ्री देहरादून
हमारा दून
देहरादून बृहस्पतिवार 30 अप्रैल 2020 पेज 8



120 जरूरतमंद गरीब लोगों को राशन किट उपलब्ध कराते हुए प्रीतम सिंह।

# अधीनस्थ सेवा चयन आयोग में ऑनलाइन परीक्षा कराने को मंजूरी

**कैबिनेट की बैठक**

कोरोना को देखते हुए उत्तराखंड कैबिनेट बैठक में लिए गए अहम फैसले

टेंडर लिए जाएंगे, जिसपर सीएम आखिरी फैसला लेंगे

स्वास्थ्य विभाग में 100 पदों पर पुनः भर्ती प्रक्रिया होगी

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में कैबिनेट की अहम बैठक हुई, जिसमें कोरोना वायरस को देखते हुए कई फैसलों पर मुहर लगाई गई है। बैठक में उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग में ऑनलाइन परीक्षा कराने को मंजूरी दी गई है। इसके तहत टेंडर लिए जाएंगे, जिसपर सीएम आखिरी फैसला लेंगे।

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान कोरोना वायरस से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की गई। कैबिनेट बैठक खत्म होने के बाद सरकार के प्रवक्ता और कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने विस्तार से फैसलों के बारे में जानकारी दी।

**जानिए कैबिनेट के कुछ अन्य फैसलेः**



1–तीन मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की 100–100 होंगी। तीनों कॉलेज में 5–5 पदों का सृजन होगा।

2– राज्य में 16 हॉस्पिटल कोविड–19 के लिए अधिकृत किए गए, जिनमें 3944 बेड आइसोलेशन के लिए हैं। साथ ही 19219 क्वारंटाइन बेड और 5755 होम क्वारंटाइन बेड का इस्तेमाल किया जा रहा है।

3– त्यूणी–पलासु और जिम्मे। आराकोट–त्यूणी जलविद्युत परियोजना का निर्माण जल विद्युत निगम करेगा।

4– स्वास्थ्य विभाग में 100 पदों पर पुनः भर्ती प्रक्रिया होगी। ये पद सेवानिवृत्त डॉक्टरों के लिए थे, लेकिन सिर्फ तीन ने ही अप्लाई किया था। इसपर ये पद वापस को विभाग दे दिए गए। 80 पद डेंटल सर्विस को दिए गए हैं।

5– कोरोना वायरस से जंग को आयुर्वेदिक दवा की होगी खरीद, सरकार ने दिए 2 करोड़ 48 लाख रुपये। होम्योपैथिक दवाई आर्सेनियम एल–30 भी है शामिल।

6– कोविड–19 के चलते खरीब फसल के बीज पर सब्सिडी में अतिरिक्त 25 प्रतिशत मिलेगा।

7– उपनिबंधक कार्यालय में सभी तरह से पैसे जमा कराने को मिली कैबिनेट की मंजूरी।

8– टेली मेडिसन सेवा का संजीवनी के नाम से तैयार हुआ दो प्रकार के प्रारूप। दून मेडिकल कॉलेज में ई–ओपीडी का हुआ शुभारंभ। ई–कंटेनर ओपीडी की सेवा भी शुरू।

9– श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में 30 अप्रैल से कोविड–19 के टेस्ट होंगे शुरू।

10– कंट्रोल रूम में अभी तक राज्य में 6700 कॉल प्राप्त हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने दी केदारनाथ के कपाट खोले जाने पर सभी श्रद्धालुओं को बधाई

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने भगवान केदारनाथ जी के कपाट खोले जाने पर सभी श्रद्धालुओं को बधाई देते हुए कहा कि बाबा केदार हम सभी पर अपनी कृपा बनाकर रखें। बाबा केदार के आशीर्वाद से हम कोरोना की इस वैश्विक महामारी को हराने में अवश्य कामयाब होंगे। कोरोना के कारण इस बार आम जन दर्शन के लिये नहीं आ सके। हम सभी के मन में बाबा केदार के लिए अपार श्रद्धा है। बाबा केदार, अपने भक्तों पर स्नेह बनाये रखें, यही कामना है।

### शराब की बिक्री करने वाले सेल्समैन व मालिक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग

**संवाददाता** देहरादून। आरटीआई कार्यकर्ता व आश्रित स्वतंत्रता संग्राम सैनानी भूपेन्द्र कुमार लक्ष्मी ने लॉकडाउन में देशी ठेके व दुकान में अवैध रूप से शराब बेचने ले जाने पर सिर्फ सेल्समैन पर मुकदमा दर्ज व दुकान मालिक पर भी जनहित एवं राज्यहित में कड़ी कानूनी कार्रवाई करने व मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र से की है। इसके लिए उन्होंने एक पत्र भी लिखा है। आरटीआई कार्यकर्ता व आश्रित स्वतंत्रता संग्राम सैनानी भूपेन्द्र कुमार लक्ष्मी ने लॉकडाउन में देशी ठेके व दुकान में अवैध रूप से शराब बेचने ले जाने पर सिर्फ सेल्समैन पर मुकदमा दर्ज व दुकान मालिक पर भी जनहित एवं राज्यहित में कड़ी कानूनी कार्रवाई करने व मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

### टपकेश्वर मंदिर के आसपास के क्षेत्रों में किया फेस मास्क का वितरण

**संवाददाता** देहरादून। माता वैष्णो देवी गुफा योग मंदिर टपकेश्वर देहरादून द्वारा उज्जवल शिखर जन कल्याण समिति डाकरा के सहयोग से आध्यात्मिक गुरु आचार्य विपिन जोशी के कर कमलों से टपकेश्वर मंदिर परिसर के आसपास के क्षेत्रों में डाकरा निवासी इंदिरा चंद द्वारा अपने हाथों से बनाए गए फेस मॉस्क वितरित किए गए।

### 120 जरूरतमंद गरीब लोगों को राशन किट उपलब्ध कराई

**संवाददाता** देहरादून। देवभूमि मानव संसाधन विकास ट्रस्ट ने स्नेहा दून एकैडमी के सहयोग से 120 जरूरतमंद गरीब लोगों को राशन किट उपलब्ध कराई गई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में राशन किटों को वितरित किया। देवभूमि ट्रस्ट के कार्यों की सराहना करते हुए प्रीतम सिंह ने कहा कि जिस प्रकार से लॉकडाउन के पहले दिन से ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना के नेतृत्व में ट्रस्ट गरीब व जरूरतमंद लोगों की सेवा कर रहा है उसकी जितनी प्रशंसा की जाय वो कम है।

## लॉकडाउन में गरीब छात्रों की फीस सरकारी खजाने से भरे सरकारः नेगी

**संवाददाता** देहरादून। जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह ने कहा कि सरकार को विद्यालयों की फीस मामले में नो प्रॉफिट, नो लॉस के आधार पर विद्यालय प्रबंधन से वार्ता कर गरीब छात्रों की फीस की भरपाई लॉकडाउन सामान्य होने तक सरकारी खजाने से करनी चाहिए। यहां जारी एक बयान में नेगी ने कहा कि प्रदेश के विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों/स्टाफ में से अधिकांश ऐसे हैं, जोकि विद्यालय द्वारा प्रदत्त वेतन पर ही निर्भर हैं तथा लॉकडाउन की अवधि का वेतन विद्यालय प्रबंधन को चुकाना ही पड़ेगा। ऐसी स्थिति में विद्यालय प्रबंधन मुनाफा न कमा कर अपने अध्यापकों/स्टाफ की फीस आदि मामले में विचार कर सकते हैं, जिसकी भरपाई सरकार के खजाने से की जा सकती है। नेगी ने कहा कि सरकार जब अपनी झूठी उपलब्धियों के विज्ञापनों पर प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए खर्च कर सकती है तथा डीजल, पेट्रोल व शराब आदि पर भारी राजस्व (सरकारी लूट) इकट्ठा कर सकती है तो इन दो–तीन महीने की फीस का इंतजाम क्यों नहीं कर सकती है। इसके अतिरिक्त कोरोना महामारी में संस्थाओं, कर्मचारियों व जनता से प्राप्त की गई दानराशि का इस्तेमाल भी इस मुहिम में खर्च किया जा सकता है।

## बदरीनाथ धाम में ऑनलाइन हो रही पूजाओं की बुकिंग

**ऑनलाइन बुकिंग**

- अब तक हो चुकी 10 लाख रुपये की बुकिंग

देहरादून। **संवाददाता**

चारों धाम में यात्रा व्यवस्थाओं के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में देवस्थानम बोर्ड अस्तित्व में आ चुका है। बावजूद इसके बदरीनाथ धाम में पूजाओं की ऑनलाइन बुकिंग श्री बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति की वेबसाइट पर ही हो रही है। हालांकि, देश में कोरोना महामारी के चलते बहुत कम श्रद्धालु ही पूजाओं के लिए ऑनलाइन बुकिंग करा रहे हैं। फिर भी अब तक लगभग 10 लाख रुपये की बुकिंग हो चुकी है। धाम के कपाट आगामी 15 मई को खोले जाने हैं।

इस वर्ष चारों धाम में समस्त यात्रा व्यवस्थाएं देवस्थानम बोर्ड के तहत संचालित होनी थी। लेकिन, कोरोना महामारी के चलते अभी तक ऐसा संभव नहीं हो पाया है और अस्तित्व में न होने पर भी मंदिर समिति के नियमों के तहत ही कार्य हो रहा है। यहां तक कि पूजाओं की ऑनलाइन बुकिंग भी मंदिर समिति की वेबसाइट badrinath&kedarnath-gov-in पर ही हो रही है।

बदरीनाथ धाम के धर्माधिकारी भुवन चंद्र उनियाल बताते हैं कि पूजा–आरती के लिए ऑनलाइन बुकिंग कराने वाले श्रद्धालु की विधिवत रसीद कटती है। इसके बाद पूजा के दौरान धर्माधिकारी व वेद–पाठी श्रद्धालु के गोत्र व परिवार के नाम से पूजा में संकल्प दिलाते हैं। मंदिर समिति के निवर्तमान मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ बताते हैं कि लॉकडाउन खुलने पर यदि यात्रा शुरू करने के बारे में फैसला हो जाता है तो पूजाओं के लिए ऑनलाइन बुकिंग बढ़ने की उम्मीद है।

बदरीनाथ धाम के धर्माधिकारी भुवन चंद्र उनियाल बताते हैं कि बदरीनाथ में भारी बर्फबारी के बाद जब हिमखंड टूटते हैं तो यह शेषनाग रूपी यह पहाड़ मंदिर व उसके आसपास कभी भी हिमखंडों को नहीं गिरने देता।

### बदरीशपुरी की सुंदरता निखार रही झील

बदरीश पुरी में नर पर्वत की तलहटी में स्थित शेष नेत्र झील इन दिनों बर्फ के साफ पानी से लबालब है। मान्यता है इसी स्थान पर शेषनाग भगवान नारायण के भक्त के रूप में विराजमान हैं और उन्हीं के भक्ति रूपी अश्रुओं से इस झील का निर्माण हुआ। इसलिए कपाट खुलने के बाद श्रद्धालु यहां पर आचमन का पुण्य अर्जित करते हैं। स्कंद पुराण के केदारखंड में उल्लेख है कि भगवान नारायण की तपस्थली बदरीनाथ में शेषनाग ने तप भी तप किया था। माना जाता है कि शेषनाग यहां दो रूपों में विराजमान हैं। एक रूप ठीक मंदिर के पीछे के पर्वत पर दिखता है।

## विधायक महेंद्र भट्ट व गोपाल रावत को नामित किया बोर्ड का सदस्य

**संवाददाता** देहरादून। विस अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल द्वारा उत्तराखंड चारधाम देवस्थानम् बोर्ड में सदस्य के रूप में बद्रीनाथ विधानसभा क्षेत्र के विधायक महेंद्र भट्ट एवं गंगोत्री विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपाल रावत को नामित किया है। गौरतलब है कि चारधाम और उनके आसपास के 51 मंदिरों में अवस्थापना सुविधाओं का विकास, समुचित यात्रा संचालन एवं प्रबंधन के लिए उत्तराखंड चारधाम देवस्थानम प्रबंधन अधिनियम को बनाया गया था। बता दें कि संसदीय कार्य मंत्री मदन कौशिक द्वारा 5 मार्च 2020 के उपवेशन में उत्तराखंड चारधाम देवस्थानम प्रबंधन अधिनियम 2019 के अंतर्गत विधानसभा के सदस्यों को बोर्ड में पदेन सदस्य के रूप में नामित करने के लिए विस अध्यक्ष को प्राधिकृत किया गया था। इसी क्रम में विधानसभा अध्यक्ष द्वारा बद्रीनाथ विस क्षेत्र के विधायक महेंद्र भट्ट एवं गंगोत्री विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपाल रावत को पदेन सदस्य के तौर पर नामित किया गया है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at http://app.page3news.co.in
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं०
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।